दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 21 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-113

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी सिविल कोर्ट स्टाफ की ग्रुप डी की परीक्षा दूसरे शख्स की जगह दे रहा सॉल्वर गिरफ्तार



कानपुर। उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ के केंद्रीकृत भर्ती 2018-19 ग्रुप डी की परीक्षा में यूपी एसटीएफ ने कानपुर से एक सॉल्वर गिरफ्तार किया है. ये दूसरे शख्स की जगह परीक्षा दे रहा था. एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार शख्स का नाम अभिनव यादव है. ये कानपुर के गोविंदनगर स्थित खालसा इंटर कॉलेज में कुलदीप यादव पुत्र विनोद यादव की जगह परीक्षा दे रहा था.बता दें हाई कोर्ट में ग्रुप सी, डी, ड्राइवर ग्रेड व स्टेनोग्राफर के पदों पर भर्ती के लिए 20 व 21 जनवरी को दो चरणों में लिखित परीक्षा हो रही है. प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडेय द्वारा पिछले दिनों सभी जिलों के जिला जज, डीएम व एसपी को पत्र लिखकर परीक्षा को बेहतर तरीके से करवाने के लिए लिखा था.

### बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 22 की मौत, 37 घायल

ला पाज (आरएनएस)। बोलीविया में दो बसों की सीधी टक्कर में कम से कम 22 लोग मारे गए और 37 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार को चलापाता शहर की ओर जाने वाली सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना एक वाहन के तेजगति में होने के कारण हुई।

### अमेरिकी हवाई हमले में अल-शबाब के 52 आतंकवादी ढेर

मॉस्को (आरएनएस)। अमेरिकी सेना ने दक्षिणी सोमालिया के जिलीब शहर में हवाई हमले कर अल-शबाब के 52 आतंकवादियों को मार गिराया है। अमेरिकी सेना की अफ्रीकी कमान ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी।

### पाइपलाइन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 71 हुई

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको में पाइपलाइन विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 71 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, गर्वनर उमर फयाद ने शनिवार को मीडिया को बताया कि हिडाल्गो प्रांत के लाओलिपन में पाइपलाइन में हुए विस्फोट में 76 लोग घायल भी हुए हैं।

### खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौत

बीकानेर (आरएनएस)। राजस्थान में बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र में कल देर रात एक कार के ट्रक से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई।

### योगी सरकार ने शराब पर बढ़ाया टैक्स

**बढ़ी आमदनी से करेगी गोरक्षा**

लखनऊ (आरएनएस)। आवारा गोवंश के भरण-पोषण और आश्रय स्थल बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने शराब महंगी करने की मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार बीयर और शराब की बिक्री पर स्पेशल फीस वसूलेगी। कैबिनेट ने शुक्रवार को स्पेशल फीस वसूलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### दिल्ली पुलिस, सरकार में शुरू हुआ दोषारोपण

**जेएनयू राजद्रोह केस**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजद्रोह केस में जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के मामले में कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर अब दिल्ली पुलिस और आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के बीच दोषारोपण शुरू हो गया है। सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के किसी भी मंत्री को जेएनयू मामले में मुकदमा चलाए जाने की अनुमति मांगने वाली कोई फाइल नहीं मिली है। उन्होंने कहा, अगर दिल्ली पुलिस ऐसा कोई दावा कर रही है, यह पूरी तरह से झूठ है और वह कुछ छुपा रही है।

## भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से डरकर हुए एक:मोदी

### सिलवासा में ममता की मेगा रैली पर पीएम का वार



सिलवासा (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का कोलकाता में विपक्ष के मेगा शो पर पीएम नरेंद्र मोदी ने जमकर निशाना साधा है। मोदी ने कहा कि ये महागठबंधन की कोशिश मोदी के खिलाफ ही नहीं बल्कि देश की जनता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इनकी दुनिया अपने परिवार, भाई-भतीजे को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इन लोगों की दुनिया मोदी से नफरत से शुरू होती है मोदी को गालियां देकर खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि मेरी दुनिया सवा सौ करोड़ देशवासियों के संकल्प के साथ शुरू होती है और उन्हीं पर खत्म होती है। पीएम ने कहा कि जिस बंगाल में राजनीतिक दल को कार्यक्रम करने से रोक लगा दी जाती हो, लोकतंत्र का गला घोंट दिया जाता हो, जब वहां लोकतंत्र बचाने की बात होती है तो मुंह से निकलता है वाह क्या सीन है।

**हमारी साफ नीयत, भ्रष्टाचार पर कर रहें कार्रवाई**

पीएम ने सिलवासा में एक मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करने के बाद कहा कि हमारी नीयत देश के विकास की है। उन्होंने कहा, हम देश के विकास के लिए काम करते हैं। परिवार के विकास की न तो हमारी नीति है और न इरादा है। पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, यही साफ नीयत और स्पष्ट नीति इनको जरा खटक रही है। इनको तकलीफ हो रही है। इन्हें दिक्कत है कि मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ इतनी कड़ी कार्रवाई क्यों कर रहा है।

**लोकतंत्र का गला घोंटने वाली जगह में लोकतंत्र बचाने की बात**

पीएम ने कोलकाता में विपक्ष की रैली पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा, जिस पश्चिम बंगाल में राजनीति दल को उसका कार्यक्रम करने के लिए रोक लगा दी जाती हो। लोकतंत्र का गला घोंट दिया जाता हो, वे वहां एकत्र होकर लोकतंत्र बचाने का भाषण देते हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले बीजेपी मंडल अध्यक्ष की हत्या, खेत मे मिली लाश

### शिवराज बोले-कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में एक और बीजेपी नेता की हत्या ने पूरे सूबे की कानून-व्यस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। पिछले दिनों ही मध्य प्रदेश के मालवा अंचल में एक बीजेपी नेता सहित दो लोगों की हत्या हुई थी। उधर, रविवार को एक और बीजेपी नेता मनोज ठाकरे की हत्या के बाद बीजेपी ने सूबे की कमलनाथ सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कमलनाथ सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द अपराध नहीं पकड़े गए तो बीजेपी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

वलवाड़ी के एसएपी ने बताया कि बीजेपी नेता मनोज ठाकरे का शव एक खेत में मिला है। पुलिस के मुताबिक, वह मॉर्निंग वॉक पर गए थे। पुलिस को शव के पास खून से सना पत्थर मिला है। ऐसे में माना जा रहा है कि पत्थर से उनकी हत्या की गई है।

बता दें कि इंदौर में कारोबारी संदीप अग्रवाल और मंदसौर में नगर पालिकाध्यक्ष व बीजेपी नेता प्रहलाद बंधवार की पिछले दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इन हत्याओं के बाद भी शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधा था।

## रैली के बाद विपक्षी नेताओं ने ईवीएम पर उठाए सवाल

**कहा-छेड़छाड़ करा सकती है बीजेपी**

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता में महासम्मेलन के दौरान मोदी सरकार पर हमला करने के बाद विपक्षी दलों ने अब ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने एक बार फिर से ईवीएम को मुद्दा बनाते हुए कहा है कि बीजेपी इससे छेड़छाड़ करा सकती है। रैली में शामिल नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हम ईवीएम की शिकायत को लेकर चुनाव आयोग के पास जाएंगे। इस बीच बीजेपी ने विपक्षी एकता को लेकर कहा कि वे मोदी के डर से एकत्र हुए हैं, लेकिन उनके पास कोई प्लान नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने तंज कसते हुए कहा कि किसी नेता ने कहा कि हमारा नेता भारत की जनता की ओर से चुना जाएगा। उन्हें यह तो बताना ही चाहिए कि देश की जनता राहुल गांधी, ममता बनर्जी, मायावती या फिर अन्य किसी क्षेत्रीय नेता में से किसे चुनेगी।

## चिली में भूकंप के जोरदार झटके

सेंटियागो (आरएनएस)। दक्षिणी अमेरिकी देश चिली के तट के पास रविवार को भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गयी। बंदरगाहों के शहर कोकिंबो से 15 किलोमीटर दूर स्थानीय समयानुसार 01.32 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र जमीन से 53 किलोमीटर की गइराई में स्थित था।

## रूठों को मनाने और पार्टी में वापस लाने में जुटीं शीला!




नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस में रूठों को मनाने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर कवायद शुरू हो गई है। बीते चार-पांच साल में जो लोग कांग्रेस छोड़कर चले गए थे, पार्टी उन्हें वापस बुलाने का मन बना रही है। शीला दीक्षित के अध्यक्ष बनने के बाद छोड़कर जाने वाले नेताओं के लिए कांग्रेस में फिर से एंट्री का दरवाजा खुलने वाला है। यही नहीं, कांग्रेस अपने वरिष्ठ नेताओं को भी मनाने और उन्हें एक्टिव करने की कोशिश में जुट गई है।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ साल में कई नेता पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में चले गए। खासकर निगम के चुनाव के दौरान भारी संख्या में नेता बीजेपी और आप में शामिल हुए। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बुरी हार के बाद कई सीनियर नेता भी कांग्रेस छोड़कर दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए। अब शीला दीक्षित की अगुवाई में बनी नई टीम ने पुराने नेताओं के साथ-साथ रूठों को मनाने और पार्टी में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी है।

सूत्रों का कहना है कि एक लंबी लिस्ट है।

## बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह को अस्पताल से मिली छुट्टी

**स्वाइन फ्लू से थे पीड़ित**



नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह को एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अमित शाह को इसी हफ्ते बुधवार को स्वाइन फ्लू के कारण दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। बीजेपी नेता अनिल बलूनी ने यह जानकारी दी है। बलूनी ने ट्वीट कर बताया, हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि हमारे यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह जी आज पूर्ण रूप से स्वस्थ हो एम्स से डिस्चार्ज होकर अपने निवास आ गए हैं।

बलूनी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और शाह शुभचिंतकों का अभार भी व्यक्त किया। बता दें कि इससे पहले शाह पर कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने विवादित टिप्पणी की थी। हरिप्रसाद ने कहा था कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करेंगे तो और भी गंभीर बीमारियां होंगी। कांग्रेस महासचिव ने कहा, बोगस चाणक्य ने कर्नाटक में तीन बार कोशिश की और फेल हुए। अमित शाह ने चार कांग्रेस विधायकों को अगवा करवाया और उनके परिजन अब अदालत में केस दर्ज कराएंगे। इसीलिए अमित शाह स्वाइन फ्लू से पीड़ित हैं। उन्हें अब शांत हो जाना चाहिए।

हरि प्रसाद के इस बयान पर बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने हरिप्रसाद के बयान को असंवेदनशील और असभ्य बताया।

## फिल्मी हस्तियों से पीएम मोदी ने पूछा- हाउ इज द जोश ?

मुंबई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मुंबई में नैशनल म्यूजियम ऑफ इंडियन सिनेमा की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में इस्तेमाल किए गए डायलॉग का भी प्रयोग किया। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से पूछा- हाउ इज द जोश। बता दें कि इस फिल्म में यह नारा आर्मी के जवान जोश भरने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

भारतीय फिल्मों की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारी फिल्मों में मानवीयता की भावनाओं को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, बात चाहे फन पैदा करने की हो या फैन बनाने की है, हम हर जगह आगे हैं। आज युवा अगर बैटमैन का फैन है तो बाहुबली का भी फैन है। हमारे किरदारों की भी ग्लोबल अपील है।

फिल्में ही भारतीयता का पूरे विश्व में प्रतिनिधित्व करती हैं। ये फिल्में दुनिया को आकर्षित करती हैं और पूरे विश्व में भारत को ब्रैंड बनाने में बहुत बड़ा रोल प्ले करती हैं।

## जिम में वर्कआउट के दौरान बेहोश हुआ 28 वर्षीय शख्स, मौत



ठाणे (आरएनएस)। ठाणे के एक जिम में 28 साल के एक शख्स की एक्सरसाइज करते हुए ही जान चली गई। वह वर्कआउट के दौरान बेहोश हो गए थे। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस हादसे के पीछे हार्ट अटैक को वजह मान रही है लेकिन अभी किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

बताया गया है कि पेशे से बिजनसमैन प्रतीक परदेशी कई दिन बाद जिम आए थे और बेंचप्रेस मशीन पर सेशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। नौपाड़ा पुलिस ने बताया कि ठाणे (पश्चिम) निवासी प्रतीक वहां गोल्ड जिम में आए थे। वर्कआउट करते वक्त ही उनकी तबीयत खराब होने लगी थी। लोगों ने पहले उनसे कुछ देर आराम करने को कहा लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रतीक सब्जियों के होलसेल विक्रेता थे। वह एक हफ्ते बाद जिम आए थे। पुलिस के अधिकारियों ने कहा है कि पहली नजर में यह हार्ट अटैक से मौत का केस लग रहा है लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इतनी कम उम्र में हार्ट अटैक की बात से सभी हैरान हैं।

## पुलिस प्रताड़ना का अरोप, नाबालिग ने पिया जहर, हालत गंभीर, चोरी के आरोप मे थाने लाकर किया गया टार्चर

**नवागढ़ थाना के दो आरक्षकों पर लगा प्रताड़ना का आरोप, जांच के निर्देश**



जांजगीर-चांपा, (आरएनएस)। जिले मे पुलिस प्रताड़ना की वजह से नाबालिग द्वारा जहर सेवन का मामला सामने आया है पीड़ित और उसके परिजनों ने चोरी के आरोप मे नाबालिग को थाने लेजाकर टार्चर करने का आरोप नवागढ़ थाने के दो आरक्षको पर लगाया है। दरअसल नवागढ़ थाना क्षेत्र के कटौद गांव मे तीन माह पहले चोरी की वारदात हुई थी जिसकी रिपोर्ट थाने मे दर्ज कराई गई थी इस दौरान पुलिस जांच मे जुटी रही मगर सफ्लता हाथ नही लगी अभी दो पहले गांव के ही एक युवक को चोरी के आरोप मे गिरफ्तार किया गया आरोपी ने जिस घर मे चोरी की गई थी उसी घर के मालिक के नाबालिग पुत्र को अपने साथ संलिप्त होना बताया जिसके बाद पुलिस आज नाबालिग को थाने उठाकर ले आई और पूछताछ के दौरान उससे मारपीट की गई इस बीच नाबालिग ने शौचालय जाने की मांग की और शौचालय मे ही जहर खा लिया, मामले की गंभीरता को देखत हुए पुलिस ने नाबालिग को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया गया मगर स्थिति बिगड़ने पर उसे जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया जहॉ अभी पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई हैं और घटना के लिए परिजनों ने पुलिस को जिम्मदार ठहराते हुए गभीर आरोप लगाए है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने पूरे के जांच के आदेश दिये हैं।

## नोटबंदी से राफेल तक सरकार पर बरसे शत्रुघ्न

**तेजस्वी को बताया बिहार का भविष्य**



कोलकाता (आरएनएस)। ममता बनर्जी के मेगा रैली में शत्रुघ्न सिन्हा शामिल हुए और पुराने बागी तेवरों के साथ बीजेपी पर जमकर तंज चलाए। सिन्हा ने पार्टी में होने की बात करते हुए कहा कि वह भारत की जनता के हैं फिर भारतीय जनता पार्टी के। उन्होंने एक बार फिर फिल्मी अंदाज में कहा कि यहां जो दृश्य दिख रहा है उसे देखकर क्या सीन है...शानदार भी कहा। नोटबंदी के फैसले को भी उन्होंने मनमाना करार देते हुए कहा कि यह पार्टी का फैसला नहीं था।

राहुल गांधी की तर्ज पर उन्होंने कहा कि जब तक पीएम जवाब नहीं देंगे तब तक चौकीदार चोर है सुनते रहना पड़ेगा। आरजेडी में शामिल होने की खबरों के बीच सिन्हा ने तेजस्वी यादव को लायक पिता का लायक पुत्र और बिहार का भविष्य करार दिया।

## मानवरहित विमान गतिविधियों पर रोक

**गणतंत्र दिवस**

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा के मद्देनजर मानवरहित विमान गतिविधियों पर 20 जनवरी से रोक लगा दी है। आदेश के अनुसार पैरा ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के शक्तिशाली विमान, चाडकॉप्टर्स अथवा विमान से पैराजंपिंग जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इसमें कहा गया है कि ऐसा करते पाए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। ऐसी आशंका है कि राष्ट्रीय राजधानी को निशाना बनाने के लिए आतंकवादी ड्रोन तथा गर्म हवा के गुब्बारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## प्रवासियों को ले जा रही नाव डूबी, 117 लोग लापता-बच्चे भी शामिल

लीबिया (आरएनएस)। लीबिया के तटवर्तीय क्षेत्र से कुछ दूर एक नाव के डूबने से कम से कम 117 लोगों के लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित प्रवासी मामलों के अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईओएम) के प्रवक्ता ने इस हादसे में बचने वाले लोगों के हवाले से इस बात की जानकारी दी। आईओएम के प्रवक्ता फ्लेवियो डि गियाकोमो ने बताया कि करीब 20 प्रवासियों को लेकर जा रही एक नाव तट से 50 मील की दूरी पर डूब गयी। तीन लोगों को बचाकर लामपेडूसा द्वीप लाया गया। इस हादसे में बचने वाले लोगों के मुताबिक नाव पर कुल 120 लोग सवार थे। लापता लोगों में 10 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

श्री डि गियाकोमो ने बताया कि लापता लोगों में एक दो माह का बच्चा भी शामिल है। ज्यादातर प्रवासी पश्चिमी अफ्रीका के थे।